# हिब्रू साहित्य व इतिहास पर वक्ताओं ने की चर्चा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** मंडी हाउस स्थित साहित्य अकादमी में इजराइल के प्रख्यात लेखक और हिब्रू लेखक संघ के सदस्य ओहद ओजिएल संग संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने कहा कि किसी भी देश का साहित्य वहां की संस्कृति और इतिहास को समझने का सशक्त माध्यम है। वहीं, इजराइल के लेखक ओजिएल ने हिब्रू साहित्य पर चर्चा करते हुए कहा कि यह एक गद्य प्रधान है। इसे प्राथमिक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। हिब्रू साहित्य की समृद्धि, अनुवाद की चुनौतियां और आधुनिक लेखन में एआई टूल्स के उपयोग पर भी अपना विचार साझा किया। साहित्य मानवीय संवेदनाओं का दर्पण होता है। हिब्रू में लिखे गए साहित्य में समाज के हर पहलू का समावेश है।